

# 'महावतार परशुराम' का पहला पोस्टर रिलीज

भगवान विष्णु के दस अवतारों पर आधारित सात-भागों वाला एनिमेटेड 'महावतार सिनेमैटिक यूनिवर्स' अपनी दूसरी किस्त 'महावतार परशुराम' के साथ वापसी कर रहा है. होम्बले फिल्म्स और कलीम प्रोडक्शन की 'महावतार नरसिम्हा' की शानदार सफलता के बाद अब अगली बड़ी फिल्म की तैयारी है. मेकर्स ने फिल्म की पहली झलक एक रोमांचक पोस्टर के साथ शेयर की है, जो एक बेहतरीन विजुअल स्पेक्टेकल होने का वादा करती है. भारत के सबसे बड़े सिनेमैटिक यूनिवर्स का यह दूसरा हिस्सा अश्विन कुमार के निर्देशन में बन रहा है, जो आज के समय के बेहतरीन क्रिएटिव माइंड्स में से एक हैं.

'महावतार नरसिम्हा' को देखने के बाद से ही फैंस के बीच इसकी अगली फिल्म को लेकर जबरदस्त उत्साह था. अब मेकर्स ने एक विजुअली शानदार पोस्टर के साथ इसका ऑफिशियल ऐलान कर दिया है. फिल्म की टैगलाइन है, 'जहाँ धैर्य समाप्त होता है, वहाँ परशुराम का फरसा शुरू होता है! 'यह लाइन ही फिल्म के दमदार प्रभाव को बताने के लिए काफी है. इसके जरिए मेकर्स भगवान विष्णु के छठे अवतार, परशुराम की कहानी को भव्य और प्रभावशाली तरीके से पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. यह फिल्म दिखाएगी कि कैसे विष्णु जी ने उन भ्रष्ट और अहंकारी राजाओं के अत्याचार को खत्म करने के लिए अवतार लिया, जिन्होंने धर्म का रास्ता छोड़ दिया था. फिल्म की सांस्कृतिक और भावनात्मक नींव पर बात करते हुए निर्माता विजय किरागांदुर ने कहा*, 'हमारी कहानियाँ ही हमारी ताकत हैं. महावतार परशुराम के साथ हमारा लक्ष्य दर्शकों को अपनी जड़ों की शक्ति से फिर से जोड़ना है, और इसे एक ऐसे फॉर्मेट में पेश करना है जो आज की पीढ़ी को पसंद आए. यह विरासत, शक्ति और उद्देश्य की कहानी है.

# अजय देवगन ने 'राजा शिवाजी' को दिया शौर्य भरा सलाम



बॉलीवुड स्टार अजय देवगन ने फ़िल्म 'राजा शिवाजी' और रितेश देशमुख को शुभकामनाएं दी है. 'राजा शिवाजी' की रिलीज़ तारीख जैसे-जैसे नज़दीक आ रही है, दर्शकों का उत्साह चरम पर है. इस फिल्म का निर्देशन, मुख्य भूमिका, लेखन और निर्माण रितेश विलासराव देशमुख ने किया है.

जियो स्टूडियोज़ और मुंबई फिल्म कंपनी द्वारा निर्मित यह फिल्म भारत के महान योद्धा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन और विरासत को दर्शाती है.

अभिनेता अजय देवगन ने अब 'राजा शिवाजी' और रितेश देशमुख को अपनी शुभकामनाएं देकर इस उत्साह को और बढ़ा दिया है. 'तानाजी: द अनसंग वॉरियर' (2020) में मुख्य भूमिका निभा चुके अजय देवगन ने इस फिल्म को खास अंदाज़ में सलामी दी, जैसे वे 'तानाजी' के रूप में छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रति निष्ठा व्यक्त कर रहे हों. उन्होंने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर 'राजा शिवाजी' के हिंदी एंथम 'छत्रपति' को साझा करते हुए लिखा, 'तान्ह्या चा नमन, राजे! यह शानदार लग रहा है! #राजाशिवाजी के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं @रितेश जय शिवराय! इसी बीच, इस ऐतिहासिक फिल्म का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर 20 अप्रैल को भव्य तरीके से रिलीज़ होने वाला है, जो भारत के सबसे सम्मानित ऐतिहासिक नेताओं और 'हिंदवी स्वराज्य' के संस्थापक की झलक पेश करेगा.

यह फिल्म हिंदी और मराठी सिनेमा के कई दिग्गज कलाकारों को एक साथ लेकर आ रही है, जिनमें संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, विद्या बालन, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, बोमन ईरानी, भाग्यश्री, फरदीन खान, जितेंद्र जोशी, अमोल गुप्ते, जिनिलीया देशमुख और रितेश विलासराव देशमुख शामिल हैं. जियो स्टूडियोज़ द्वारा प्रस्तुत 'राजा शिवाजी', मुंबई फिल्म कंपनी की एक प्रस्तुति है, जिसका निर्माण ज्योति देशपांडे और जिनिलीया देशमुख ने किया है. छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन और विरासत पर आधारित यह ऐतिहासिक फिल्म एक मई 2026 को मराठी, हिंदी और तेलुगु भाषाओं में दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी.



# दीपिका पादुकोण प्रेग्नेंसी में भी नहीं लेंगी ब्रेक

अक्षय तृतीया के खास मौके पर, दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने घोषणा की है कि वे एक बार फिर माता-पिता बनने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. दीपिका ने रविवार को सोशल मीडिया पर अपनी बेटी 'दुआ' के साथ एक बहुत ही प्यारा पोस्ट शेयर किया और फैंस को अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी की खुशखबरी दी. यह खबर सुनते ही फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं है और इंटरनेट पर जैसे हलचल मच गई है.

प्रोडक्शन से जुड़े सूत्रों के हवाले से एक इंडस्ट्री सोर्स ने बताया, 'अपनी प्रेग्नेंसी के बीच भी दीपिका पादुकोण फिल्म 'राका' के लिए इंटेंस एक्शन सीक्वेंस शूट कर रही हैं और वह अपनी पूरी प्रेग्नेंसी के दौरान इस फिल्म की शूटिंग जारी रखेंगी.'

दीपिका ने एक बहुत ही प्यारी तस्वीर शेयर की है जिसमें उनकी बेटी दुआ पादुकोण सिंह ने एक प्रेग्नेंसी टेस्ट पकड़ा हुआ है, जो यह खुशखबरी दे रहा है. तस्वीर में रणवीर और दीपिका दोनों के हाथ अपनी बेटी को बड़े प्यार से थामे हुए देखे जा सकते हैं, जो अब एक बड़ी बहन बनने वाली है. इस घोषणा को बहुत ही सिंपल रखते हुए दीपिका ने कैप्शन में सिर्फ बुरी नजर से बचाने वाले इमोजी लगाए हैं. यह पोस्ट दीपिका और रणवीर दोनों ने मिलकर शेयर किया है.

दीपिका जल्द ही सिद्धार्थ आनंद की फिल्म 'किंग' में नजर आएंगी, जिसमें शाहरुख खान लीड रोल में हैं. यह फिल्म 24 दिसंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है. इसके अलावा, उनके पास एटली की फिल्म 'राका' भी है, जिसमें वह अल्लू अर्जुन के साथ नजर आएंगी.

## टेलीविजन हलचल

### सजा पुराने दौर के रोमांस का खास जश्न

**स्टार** प्लस ने शनिवार को मुंबई में अपने बहुप्रतीक्षित शो 'तुम देना साथ मेरा' के प्रीमियर से पहले एक खास कम्युनिटी इवेंट 'मीट क्यूट' का आयोजन किया. वास्तविक जुड़ाव और कहानी कहने की कला का संगम बने इस इवेंट में सिंगल मिलेनियल्स और मीडिया कपल्स का एक चुनिंदा समूह शामिल हुआ, जहाँ एक अर्थपूर्ण और पुराने दौर के रोमांस का जश्न मनाया गया.अपनी थीम के अनुरूप, 'मीट क्यूट' ने क्लासिक रोमांस की यादों को ताज़ा किया—विंटेज सजावट, सौम्य रोशनी और सोच-समझकर चुने गए तत्वों के साथ, जो उस दौर की झलक दिखाते हैं जब रिश्ते गहराई, धैर्य और भावनात्मक जुड़ाव पर आधारित होते थे.




इस इवेंट में चार चाँद लगाने के लिए लीड कलाकार सृति झा और शबीर अहलूवालिया भी शामिल हुए, जिन्होंने उपस्थित मेहमानों और मीडिया से बातचीत की. दोनों ने अपने किरदारों और शो की भावनात्मक गहराई के बारे में जानकारी साझा की, जिससे 'तुम देना साथ मेरा' की दुनिया की एक झलक मिली.

सृति झा ने कहा, 'आज 'मीट क्यूट का अनुभव बेहद दिल छू लेने वाला रहा. लोगों को इस तरह एक साथ आकर सच्चे और पुराने दौर के रोमांस का जश्न मनाते देखना बहुत खास है. यह बिल्कुल 'तुम देना साथ मेरा' की आत्मा को दर्शाता है.

### गंगा माई की बेटियां' ने पूरे किए 200 एपिसोड

**ज़ी टीवी** का लोकप्रिय शो 'गंगा माई की बेटियां', जिसे रवि दुबे और सरगुन मेहता ने ड्रीमियाता ड्रामा के तहत प्रोड्यूस किया है, ने 200 सफल एपिसोड्स पूरे कर लिए हैं. सितंबर 2025 में शुरू हुए इस शो ने अपनी दिल से जुड़ी कहानी, दमदार परफॉर्मेंस और रिश्तों को दिखाने के अपने अंदाज से दर्शकों को बांधे रखा है. यह शो लगातार टॉप 5 टीआरपी में बना हुआ है और हाल ही में ज़ी टीवी का नंबर 1 शो भी बना है. शुभांगी लाटकर, शीज़ान खान, अमनदीप सिद्धू और इंदिरा कृष्णा जैसे कलाकारों से सजे इस शो ने दर्शकों के दिल में खास जगह बनाई है. 200 एपिसोड पूरे होने पर कलाकारों ने दर्शकों के प्यार और साथ के लिए आभार जताया और इस सफर से जुड़ी अपनी खुशी साझा की.गंगा माई का किरदार निभा रहीं शुभांगी लाटकर कहती हैं, '200 एपिसोड्स पूरे करना अपने आप में बहुत खास और संतोष देने वाला एहसास है.दुर्गावती का किरदार निभा रहीं इंदिरा कृष्णा कहती हैं, 'यह सफर मेरे लिए बहुत खास और सीख देने वाला रहा है, जहां मेरा किरदार हर दिन और मजबूत होता गया.



# 64 वर्ष की हुईं पूनम ढिल्लों

बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री पूनम ढिल्लों आज 64 वर्ष की हो गयी. पूनम ढिल्लों का जन्म 18 अप्रैल 1962 को उत्तरप्रदेश के कानपुर में हुआ था. उनके पिता अमरीक सिंह भारतीय वायु सेना में विमान इंजीनियर थे. पूनम ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा चंडीगढ़ कार्मेल कान्वेंट हाई स्कूल से पूरी की.

1977 में पूनम ढिल्लो को अखिल भारतीय सौन्दर्य प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का अवसर मिला, जिसमें वह पहले स्थान पर आईं. इस बीच पूनम की खूबसूरती से प्रभावित होकर निर्माता-निर्देशक यश चोपड़ा ने अपनी फिल्म त्रिशूल में उनसे काम करने की पेशकश की, लेकिन उन्होंने इस पेशकश को अस्वीकार कर दिया. इसके बाद पंजाब यूनिवर्सिटी में कार्यरत उनके करीबी दोस्त



गार्गी ने उन्हें समझाया कि फिल्मों में काम करना कोई बुरी बात नहीं है. पूनम ढिल्लो के परिजनों ने उन्हें इस शर्त पर फिल्मों में काम करने की इजाजत दी कि वह स्कूल की छुट्टियों के दौरान ही फिल्मों में एक्टिंग करेंगी. फिल्म त्रिशूल में पूनम को संजीव कुमार, शशि कपूर और अमिताभ बच्चन जैसे धुरंधर सितारों के साथ काम करने का अवसर मिला. इस फिल्म में उन्होंने संजीव कुमार की बेटी की भूमिका निभाई, जो अभिनेता सचिन से प्रेम करती है. फिल्म में उन पर फिल्माया गया गाना गप्पूजी उन दिनों युवाओं के बीच क्रेज बन गया था.

फिल्म त्रिशूल ..टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी. इसके बाद कई फिल्मकारों ने पूनम ढिल्लों से अपनी फिल्म में काम करने कीपेशकश की लेकिन उन्होंने उन सारे प्रस्तावों को ठुकरा दिया क्योंकि वह अभिनेत्री नहीं बनना चाहती थी. इस बीच उन्होंने मेडिकल कॉलेज में दाखिला लेना चाहा लेकिन उनके बड़े भाई ने उन्हें हतोत्साहित कर दिया.

# रश्मिका ने 'मायसा' के लिए बैंकॉक में ली मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने फ़िल्म 'मायसा' के लिए बैंकॉक में मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग ली है. 'नेशनल क्रश' रश्मिका मंदाना अपने करियर के सबसे चुनौतीपूर्ण दौर में कदम रख रही हैं, और इसकी वजह उनकी आने वाली पैन-इंडिया एक्शन ड्रामा फिल्म 'मायसा' है. फिल्म की इंटेंस झलक ने पहले ही काफी चर्चा बटोर ली थी, लेकिन अब रश्मिका की ऑफ-स्क्रीन मेहनत उम्मीदों को और भी ज्यादा बढ़ा रही है. डेब्यू डायरेक्टर रविंद्र पुल्ले के निर्देशन



और अनफॉर्मुला फिल्म्स के प्रोडक्शन में बन रही 'मायसा' में रश्मिका एक आदिवासी गोंड लड़की के रोल में हैं, एक ऐसा किरदार जिसमें इमोशनल गहराई के साथ-साथ जबरदस्त शारीरिक ताकत की भी जरूरत है. इंटरनेशनल एक्शन डायरेक्टर एंडी लॉन्ग की देखरेख में इसके स्टंट्स तैयार किए जा रहे हैं, जिससे यह फिल्म भारतीय सिनेमा में फीमेल-लेड एक्शन के लिए एक नया पैमाना सेट करने की तैयारी में है.

## यंग इंडिया



# हर योग्यता के लिए एसएससी में मौका

सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने एक बड़ा अवसर प्रस्तुत किया है. एसएससी सिलेक्शन पोस्ट फेज-14 भर्ती 2026 के तहत देशभर में कुल 3003 पदों पर भर्ती की जाएगी. खास बात यह है कि इस भर्ती में 10वीं, 12वीं और स्नातक पास सभी उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं, जिससे बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार का मौका मिलेगा. इस भर्ती प्रक्रिया की शुरुआत 13 अप्रैल 2026 से हो चुकी है और ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 4 मई 2026 निर्धारित की गई है. उम्मीदवारों को 5 मई 2026 तक परीक्षा शुल्क जमा करना होगा. इसके अलावा आवेदन में सुधार के लिए 11 से 13 मई 2026 तक का समय दिया गया है. परीक्षा का आयोजन जून 2026 में किया जाएगा और प्रवेश पत्र परीक्षा से पहले जारी किए जाएंगे.

आवेदन शुल्क की बात करें तो सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 100 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है, जबकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग और सभी महिला उम्मीदवारों के लिए आवेदन नि:शुल्क रखा गया है. यदि किसी उम्मीदवार को आवेदन में सुधार करना है, तो पहली बार 200 रुपये और दूसरी बार 500 रुपये शुल्क देना होगा.

आयु सीमा न्यूनतम 18 वर्ष रखी गई है, जबकि अधिकतम आयु 25 से 30 वर्ष के बीच पदों के अनुसार तय की गई है. आरक्षित वर्गों को सरकारी नियमों के अनुसार आयु में छूट दी जाएगी. वैकेंसी का वर्गवार विवरण देखें तो सामान्य वर्ग के लिए 1534 पद, ईडब्ल्यूएस के लिए 271, ओबीसी के लिए 667, अनुसूचित जाति के लिए 346 और अनुसूचित जनजाति के लिए 185 पद निर्धारित किए गए हैं.

योग्यता के अनुसार, मैट्रिक स्तर के पदों के लिए 10वीं पास, इंटरमीडिएट स्तर के लिए 12वीं पास और ग्रेजुएशन स्तर के पदों के लिए किसी भी विषय में स्नातक डिग्री होना आवश्यक है. इससे यह भर्ती हर शैक्षणिक स्तर के उम्मीदवारों के लिए अवसर लेकर आई है.

# करियर चयन में समझदारी जरूरी

आज के समय में युवाओं के सामने करियर के अनगिनत विकल्प मौजूद हैं, लेकिन सही क्षेत्र का चयन करना सबसे बड़ी चुनौती बन गया है. कई बार देखा जाता है कि बिना सोचे-समझे या दूसरों को देखकर चुना गया करियर आगे चलकर असंतोष और परेशानी का कारण बन जाता है. ऐसे में जरूरी है कि युवा अपने भविष्य को लेकर सोच-समझकर निर्णय लें.

सबसे पहला और अहम कदम है अपनी रुचि और क्षमता को पहचानना. हर व्यक्ति की पसंद और योग्यता अलग होती है, इसलिए यह जरूरी नहीं कि जो क्षेत्र किसी और के लिए सही हो, वही आपके लिए भी बेहतर हो. यदि किसी को तकनीकी काम में रुचि है तो वह इंजीनियरिंग या आईटी क्षेत्र चुन सकता है, वहीं



रचनात्मक सोच वाले युवा मीडिया, कला या लेखन में बेहतर कर सकते हैं.

दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है जानकारी जुटाना. जिस क्षेत्र में आप जाना चाहते हैं, उसके बारे में पूरी जानकारी होना जरूरी है. उस क्षेत्र में भविष्य की संभावनाएं क्या हैं, नौकरी के अवसर कितने हैं और किस प्रकार की योग्यता की जरूरत होगी—इन सभी बातों को समझना जरूरी है. अधूरी जानकारी के आधार पर लिया गया निर्णय आगे चलकर नुकसान पहुंचा सकता है.

तीसरा कदम है अपनी पढ़ाई और कौशल पर ध्यान देना. सिर्फ डिग्री हासिल करना ही काफी नहीं है, बल्कि उस क्षेत्र से जुड़े कौशल भी विकसित करने जरूरी हैं. आज के दौर में कंपनियां ऐसे उम्मीदवारों को ज्यादा महत्व देती हैं, जिनके पास व्यावहारिक ज्ञान और अनुभव हो.

इसके अलावा, परिवार और अनुभवी लोगों की सलाह लेना भी फायदेमंद हो सकता है. माता-पिता, शिक्षक या करियर सलाहकार आपके अनुभव के आधार पर सही दिशा दिखा सकते हैं. हालांकि अंतिम निर्णय आपका ही होना चाहिए, क्योंकि वही आपके जीवन को प्रभावित करेगा. युवाओं को यह भी समझना चाहिए कि किसी भी क्षेत्र में सफलता पाने के लिए मेहनत और धैर्य जरूरी है. शुरुआत में चुनौतियां आ सकती हैं, लेकिन अगर आपने सही क्षेत्र चुना है और मेहनत जारी रखी है, तो सफलता जरूर मिलेगी.

अंत में, यह कहा जा सकता है कि करियर का चुनाव जल्दबाजी में नहीं, बल्कि सोच-समझकर करना चाहिए. सही दिशा में उठाया गया एक कदम आपके भविष्य को सुरक्षित और सफल बना सकता है.

# कम पद बड़ा अवसर: आरबीआई जेई 2026

**देश** के सबसे प्रतिष्ठित बैंकिंग संस्थानों में से एक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने जूनियर इंजीनियर सिविल और इलेक्ट्रिकल पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है. यह भर्ती उन युवाओं के लिए खास महत्व रखती है जो तकनीकी क्षेत्र में सरकारी नौकरी की तलाश कर रहे हैं. कुल 11 पदों पर होने वाली यह भर्ती भले ही संख्या में कम हो, लेकिन इसकी अहमियत और प्रतिस्पर्धा काफी अधिक रहने वाली है.


आवेदन प्रक्रिया 16 अप्रैल 2026 से शुरू हो चुकी है और इच्छुक उम्मीदवार 6 मई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. इसी तारीख तक परीक्षा शुल्क जमा करना भी अनिवार्य है. परीक्षा का आयोजन 6 जून 2026 को किया जाएगा, जबकि प्रवेश पत्र और परिणाम की तिथि शेड्यूल के अनुसार घोषित की जाएगी. शुल्क की बात करें तो सामान्य और अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 450 रुपये आवेदन शुल्क निर्धारित किया गया है, जबकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और दिव्यांग वर्ग के लिए यह शुल्क मात्र 50 रुपये रखा गया है. शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम जैसे डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग या ऑफलाइन माध्यम से किया जा सकता है.

आयु सीमा के अनुसार उम्मीदवार की न्यूनतम उम्र 20 वर्ष और अधिकतम 30 वर्ष तय की गई है. आरक्षित वर्गों को सरकारी नियमों के अनुसार आयु में छूट दी जाएगी. पदों के विवरण पर नजर डालें तो जूनियर इंजीनियर सिविल के 7 पद और जूनियर इंजीनियर इलेक्ट्रिकल के 4 पद निर्धारित किए गए हैं.

# एमपी नर्सिंग में ऑफिसर और सिस्टर ट्यूटर पदों की भर्ती

मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन बोर्ड (एमपीईएसबी) ने नर्सिंग ऑफिसर और सिस्टर ट्यूटर पदों के लिए बड़ी भर्ती अधिसूचना जारी की है. इस भर्ती के तहत कुल 2317 पद भरे जाएंगे. यह अवसर नर्सिंग क्षेत्र में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है.

इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 6 अप्रैल 2026 से शुरू हो चुकी है और उम्मीदवार 20 अप्रैल 2026 तक आवेदन कर सकते हैं. उम्मीदवारों को सलाह



दी जाती है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें और समय पर अपना आवेदन पूरा कर लें. आवेदन शुल्क सामान्य और अन्य राज्य के उम्मीदवारों के लिए लगभग 500 रुपये निर्धारित किया गया है, जबकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए लगभग 250 रुपये रखा गया है. भुगतान की प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम जैसे डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल वॉलेट के जरिए की जा सकती है.

इस भर्ती के लिए आयु सीमा न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम आयु विभिन्न श्रेणियों के अनुसार अलग-अलग निर्धारित की गई है, जिसमें अधिकतम आयु लगभग 45 वर्ष तक है. आरक्षित वर्गों को सरकार के नियमों के अनुसार आयु में छूट भी दी जाएगी.

शैक्षणिक योग्यता के रूप में उम्मीदवारों को 10+2 परीक्षा भौतिकी, रसायन और जीव विज्ञान विषयों के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है. साथ ही नर्सिंग ऑफिसर पद के लिए बीएससी नर्सिंग या जीएनएम के बाद पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग की डिग्री अनिवार्य है और संबंधित नर्सिंग परिषद में पंजीकरण भी जरूरी है. सिस्टर ट्यूटर पद के लिए बीएससी नर्सिंग या पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग के साथ कम से कम एक वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए.

चयन प्रक्रिया में ऑनलाइन लिखित परीक्षा, चिकित्सा परीक्षण और दस्तावेज सत्यापन शामिल हैं.